# केन्द्रीय विद्यालय क्र.- 04, ओ.एन.जी.सी. वड़ोदरा

## KENDRIYA VIDYALAYA No.-04, O.N.G.C. VADODARA

# खुशबू



## विद्यालय ई - पत्रिका

## सितम्बर 2023

## हिंदी दिवस विशेष

करते हैं तन–मन से वंदन
जन–गण–मन की अभिलाषा का
अभिनंदन अपनी संस्कृति का
आराधन अपनी भाषा का।




**आओ देश को स्वच्छ बनाएँ**
**मिल जुल कर ये बीड़ा उठाएँ**

# परिकल्पना और उद्देश्य

किसी भी राष्ट्र के विकास में संस्कृति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह साझा दृष्टिकोण, मूल्यों, लक्ष्यों और प्रथाओं के एक समूह का प्रतिनिधित्व करता है। संस्कृति और रचनात्मकता लगभग सभी आर्थिक, सामाजिक और अन्य गतिविधियों में प्रकट होती हैं। भारत जैसा विविधतापूर्ण देश अपनी संस्कृति की बहुलता का प्रतीक है। भारत में गीत, संगीत, नृत्य, रंगमंच, लोक परंपराओं, प्रदर्शन कला, संस्कार और अनुष्ठान, पेंटिंग और लेखन का दुनिया का सबसे बड़ा संग्रह है, जिसे मानवता की 'अमूर्त सांस्कृतिक विरासत' (आईसीएच) के रूप में जाना जाता है। केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक- 04 ओ .एन. जी .सी. वडोदरा, भारत की सांस्कृतिक विरासत, प्राचीन स्मारकों, साहित्यिक कलाओं, दृश्य कलाओं, योजनाओं, कार्यक्रमों, प्रदर्शन कलाओं, मेलों और त्योहारों और हस्तशिल्प से संबंधित व्यापक जानकारी प्रदान कराना विज्ञान ,खेलकूद ,कम्प्यूटर,भाषा ,आदि के साथ विद्यार्थियों के समग्र विकास में अग्रसर है।

डॉ तरूणा माथुर
टी जी टी कला शिक्षिका

# अनुक्रमणिका


| पृष्ठ सं | विषय |
|---|---|
| 1 | संरक्षक  एवं संपादक –मंडल |
| 2 | प्राचार्य की कलम से |
| 3 | सम्पादकीय |
| 4 | विद्यालय –परिचय |
| 5 -7 | विद्यार्थी –उपलब्धि |
| 8 | शिक्षक उपलब्धि |
| 9 | प्राचार्य द्वारा आत्मीय अपील |
| 10 - 27 | विविध गतिविधियों की झलक |

# ई - पत्रिका संरक्षक

**श्रीमती श्रुति भार्गव**

उपायुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन, अहमदाबाद संभाग, अहमदाबाद

**श्रीमती विनीता शर्मा**
**श्री वेंकटेश्वर प्रसाद बी.**
**श्रीमती मीना जोशी**

सहायक आयुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन, अहमदाबाद संभाग, अहमदाबाद

**श्री प्रिय रंजन मिश्रा**

अध्यक्ष –विद्यालय प्रबंधन
समिति केन्द्रीय विद्यालय क्र. 4
ओ एन जी सी, वड़ोदरा

**श्री रमेश पाण्डेय**

प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय क्र. 4,
ओ एन जी सी, वड़ोदरा

# संपादक –मंडल

**डॉ तरुणा माथुर** - टीजीटी कला शिक्षा
**श्रीमती हुमा यासमीन** - स्नातकोत्तर शिक्षिका (कंप्यूटर साइंस)
**डॉ राजेश गुप्ता** - स्नातकोत्तर शिक्षक (हिंदी )

# प्राचार्य की कलम से



मेरे लिए यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि केन्द्रीय विद्यालय, क्रमांक- 04 ओ.एन.जी.सी. अपनी मासिक पत्रिका प्रकाशित कर रहा है | मैं हमेशा इस विचार से प्रभावित होता रहा हूँ  कि  घर, पहला विद्यालय है और विद्यालय, दूसरा घर।

'विद्यालय-पत्रिका' एक विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों का दर्पण होती है | विद्यालय में शिक्षण कार्य के साथ-साथ छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु अन्य गतिविधियाँ भी चलती रहती हैं | इस पत्रिका के माध्यम से आप अवगत हो सकेंगे कि विद्यार्थी प्रत्येक सप्ताह में होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहें हैं और अपनी प्रतिभा को निखारते रहे हैं।

2020 की नई "राष्ट्रीय शिक्षा-नीति" को लागू करने में भी विद्यालय सतत प्रयासरत है, ताकि हमारे बच्चे भी अपने हजारों साल की संस्कृति को सँजोकर एवं भविष्य में दुनिया के विकसित देशों के व्यक्तियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकें। हमारा निश्चय है कि हम अपने विद्यार्थियों को उत्कर्ष शैक्षिक वातावरण प्रदान करें जो उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम एवं स्वावलंबी भारतीय नागरिक के रूप में उन्हें निर्मित कर सके | इस सकारात्मक अपेक्षा के साथ विद्यालय की मासिक ई - पत्रिका के प्रकाशन के इस शुभ अवसर पर समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों, कर्मचारियों और शिक्षकों को शुभकामनाएँ |

रमेश पाण्डेय<br>
प्राचार्य

# सम्पादकीय

महात्मा गांधी ने कहा कि हमें हिन्दी को गंगा नहीं अपितु महासागर बनाना है | वस्तुतः हिन्दी हमारी राजभाषा है और यह बहुत ही जल्दी राष्ट्र-भाषा बनने की ओर अग्रसर है | इस माह विद्यालय द्वारा हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया जिसमे हिन्दी के प्रचार और प्रसार हेतु विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया गया | इसके अतिरिक्त स्वच्छता-पखवाड़ा, सतर्कता- सप्ताह, शिक्षक पर्व, पोषण माह और मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत अनेक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं | विद्यालय में काव्य-पाठ, कहानी –कथन, देश भक्ति गीत, नारा लेखन, निबंध लेखन श्रुत-लेख , पेंटिंग, रंगोली इत्यादि प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा को अभिव्यक्त किया गया जिनकी एक झलक इस मासिक पत्रिका मे प्रतिबिंबित हो रही है | मासिक पत्रिका का यह अंक सभी सुधी पाठकों के लिए प्रेरणास्पद सिद्ध होगा, ऐसा मेरा विश्वास है |

डॉ राजेश कुमार गुप्ता

स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी )

# विद्यालय –परिचय




ओएनजीसी प्रांगण में स्थित केंद्रीय विद्यरलय क्र 4, वडोदरा नगर के सी बी एस ई के प्रतिष्ठित विद्यालयों में अग्रगण्य है|

- यह विद्यालय अहमदाबाद संभाग के अंतर्गत ओएनजीसी द्वारा प्रायोजित है जिसकी स्थापना 1993 में हुई थी।
- वर्तमान में इस विद्यालय में लगभग 352 छात्र- छात्राएं अध्ययनरत हैं |
- इसमें प्राचार्य सहित शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक स्टाफ की संख्या 18 है |
- इस विद्यालय में कक्षा 4 से 12 तक के छात्र अंग्रेजी माध्यम से पढ़ते हैं|
- इस विद्यालय में 1 कंप्यूटर लैब उपलब्ध हैं ।
- इस विद्यालय में छात्रों के लिये 1 अटल टिंकरिंग प्रयोगशाला उपलब्ध हैं ।
- कक्षा 11वी एवं 12वी में विज्ञान वर्ग़ में ही अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है।
- विद्यालय में एक दृष्य श्रव्य कक्ष भी उपलब्ध है ।

# विद्यार्थी उपलब्धि


GOVERNMENT OF INDIA
DEPARTMENT OF SPACE
INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION (ISRO)
CERTIFICATE OF PARTICIPATION IN
ONLINE QUIZ
Umang Gupta
THIS CERTIFICATE IS
AWARDED TO
Umang Gupta
ON HAVING PARTICIPATED IN THE ONLINE QUIZ ON LAUNCH OF
"ADITYA-L1"
THIS ONLINE QUIZ WAS CONDUCTED BY ISRO FOR STUDENTS OF CLASS 8TH TO 12TH
FROM AUGUST 30, 2023 TO SEPTEMBER 05, 2023
September 5, 2023
Director

कक्षा 9 के मास्टर उमंग गुप्ता ने इसरो द्वारा आयोजित आदित्य-एल 1 के प्रक्षेपण पर ऑनलाइन प्रश्नोतरी में भाग लिया ।



कक्षा 7 की खुशी सिंह ने असमिया भाषा में निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया । जिसमें उसने प्रथम स्थान प्राप्त किया और उसे 3000 रुपये का नक़द ईनाम मिला ।




अंतर विद्यालय मन की उड़ान प्रतियोगिता
21.09.2023

बाल वर्ग

| क्र | नाम | कक्षा | विद्यालय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भूमि सुरती | 8 | केंद्रीय विद्यालय | प्रथम |
| 2 | आर्याही बी ठाकोर | 6 ई | बड़ौदा हाई स्कूल (दोपहर) | द्वितीय |
| 3 | जाह्नवी | 8 | केन्द्रीय विद्यालय | तृतीय |
| 4 | शौर्य दीक्षित | 7 बी | बड़ौदा हाई स्कूल (सुबह) | सांत्वना |

किशोर वर्ग

| क्र | नाम | कक्षा | विद्यालय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सोनाक्षी | 9वीं | केंद्रीय विद्यालय | प्रथम |
| 2 | अनिका शर्मा | 9वीं सी | भारतीय विद्या भवन | द्वितीय |
| 3 | चार्मी कोठारी | 11वीं ए | बड़ौदा हाई स्कूल | तृतीय |

# विद्यार्थी उपलब्धि

## एन.सी.एस.सी

निम्नलिखित विद्यार्थी विद्यालय स्तर पर हुई प्रतियोगिता में चयनित किये गए ।

धान्वी और वंदना-कक्षा XI

रितिका और लिपिका - कक्षा XI

चैतन्य और श्रेयांश-कक्षा X और IX

शैलजा कुमारी और माही मकवाना - कक्षा VIII

राधिका कुमारी और प्रियांशी परमार – कक्षा VIII

# शिक्षक उपलब्धि

- **श्री रजनीश सिंह तोमर, पीजीटी (जीवविज्ञान)**

केवीएस लिमिटेड विभागीय परीक्षा के तहत उप प्राचार्य के रूप में चयनित

- **डॉ. तरूणा माथुर, टीजीटी (कला शिक्षा)**

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रेरणा स्कूल कार्यक्रम के लिए सलाहकार शिक्षक के रूप में चयनित।

- 13 शिक्षकों ने हिंदी में पारंगत परीक्षा सफलतापूर्वक पूरी की और प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

Participated in online programme "Respecting Teachers : Inspiring the Future" organized by Dept of Science & Technology, Govt. of Gujarat and received certificates

# मेरी माटी मेरा देश

## प्राचार्य द्वारा आत्मीय अपील

30 जुलाई 2023 को प्रसारित हुए मन की बात कार्यक्रम के 103वें प्रसारण में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने वीरों को याद करने के लिए देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों को "मेरी माटी मेरा देश" अभियान के साथ आजादी का महोत्सव मनाने की बात कही थी. इस अभियान का उद्देश्य भारत के वीर सपूतों को आजादी के मौके पर याद करना है. इस दौरान देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कराया जा रहा हैं. उनकी स्मृति में अमृत सरोवरों के निकट ग्राम पंचायतों में शिलाफलकम स्थापित किए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत 'अमृत कलश यात्रा' देश के हर कोने से 7,500 कलशों में मिट्टी लेकर देश की राजधानी दिल्ली पहुंचेगी. यह यात्रा अपने साथ देश के विभिन्न हिस्सों से पौधे भी लेकर दिल्ली आएगी. इन 7,500 कलशों में आने वाली मिट्टी और पौधों को मिलाकर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास 'अमृत वाटिका' बनाई जाएगी. यह 'अमृत वाटिका' 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' का भव्य प्रतीक बनेगी. मिट्टी का नमन और वीरों का वंदन; मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के मुख्य घटक होंगे। केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक -04 ,ओ .एन .जी. सी., वडोदरा, के सभी विद्यार्थियों ,अभिभावकों व शिक्षकों से मेरा अनुरोध है कि इस पावन पर्व पर हाथ में पावन मिट्टी लेकर हमारी समृद्ध विरासत पर गर्व करने, एकता और एकजुटता बनाए रखने, नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों को पूरा करने और राष्ट्र की रक्षा करने वालों का सम्मान करने पर ध्यान केंद्रित करें।

रमेश पाण्डेय<br>
प्राचार्य<br>
केन्द्रीय विद्यालय ,क्रमांक-04, ओ. एन .जी. सी .वडोदरा

# हिन्दी पखवाड़ा

## 1-09-2023 से 15-09-2023













प्राचार्य श्री रमेश पाण्डेय जी का भाषण,

श्रीमती  जतिंदर कौर स्नातकोत्तर शिक्षिका (अंग्रेजी) द्वारा भाषण,

छात्र द्वारा कहानी कथन

# हिन्दी पखवाड़ा

## 1-09-2023 से 15-09-2023








(विद्यार्थियों के लिये श्रुत लेख, नारा लेखन, वाद-विवाद, कविता-पाठ इत्यादि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई )

# स्वच्छता पखवाड़ा

## 1-09-2023 से 15-09-2023







स्वच्छता  पखवाडा के अंतर्गत शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता शपथ ली गई ।

# स्वच्छता पखवाड़ा

## 1-09-2023 से 15-09-2023









कक्षाओं, विभागों  एवं विद्यालय परिसर में
स्वच्छता अभियान

# स्वच्छता पखवाड़ा

**1-09-2023 से 15-09-2023**



विद्यार्थियों द्वारा हाथ धोने का उचित तरीका दिखाया गया

# पोषण माह

## 1-09-2023 से 30-09-2023













पोषण माह के दौरान शपथ, विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रदर्शन

# मेरी माटी मेरा देश

## 1-09-2023 से 30-09-2023












रंगोली प्रतियोगिता

# मेरी माटी मेरा देश

## 1-09-2023 से 30-09-2023







समूह नृत्य

# मेरी माटी मेरा देश

## 1-09-2023 से 30-09-2023






प्रभात फेरी

# शिक्षक दिवस

## 05-09-2023











# बाला प्रोजेक्ट

## 23-09-2023









# आदिवासी उत्सव

## 01-09-2023













# बस्ता रहित दिन







# वीर गाथा






वेबिनार

# वीर गाथा






अकीर्तित नायक पर आधारित वेषभूषा प्रतियोगिता

# सतर्कता जागरुकता अभियान








# अन्य गतिविधियाँ




अहमदाबाद में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा
प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



एक छात्र द्वारा कपड़ा बुनाई का अनुभव साझा किया गया


धन्यवाद